भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 932
24 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना

932. श्री दिलीप शइकीया:
श्री आलोक शर्मा:
श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा:
श्री भोजराज नाग:
श्री लुम्बाराम चौधरी:
डॉ. राजेश मिश्रा:
श्रीमती हिमाद्री सिंह:
श्री पी. पी. चौधरी:
श्री भर्तृहरि महताब:
श्री अनन्त नायक:
श्री राधेश्याम राठिया:
श्रीमती कमलेश जांगड़े:
श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:
श्री शशांक मणि:
श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:
श्री नव चरण माझी:
श्री अभिमन्यु सेठी:
डॉ. संजय जायसवाल:
श्री दुलू महतो:
श्री खगेन मुर्मु:
श्रीमती शोभनाबेन महेंद्रसिंह बारैया:
श्री काली चरण सिंह:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनवरी 2023 से मई 2026 तक मध्य प्रदेश, राजस्थान, पाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और झारखंड सहित देश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत निजी अस्पतालों के सूचीकरण में हुई वृद्धि का ब्योरा क्या है;

(ख) गुजरात, ओडिशा के क्योझर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र तथा झारखंड के चतरा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं अन्य जिलों सहित देश के टियर-II और टियर-III शहरों और आकांक्षी जिलों में जनवरी 2023 से मई 2026 तक एबी पीएम- जेएवाई के अंतर्गत निजी अस्पतालों के पैनलबद्ध करने में हुई तदनुरूपी वृद्धि का ब्योरा क्या है तथा कम सेवा वाले और ग्रामीण क्षेत्रों में नामांकन और डिजिटल स्वास्थ्य पहुंच में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) देश में वर्ष 2018 से पूर्व की सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की तुलना में एबी पीएम-जेएवाई के अंतर्गत अस्पताल में महिला भर्ती की दरों के डेटा तुलना का राज्य-वार और मध्य प्रदेश के लिए जिला-वार ब्योरा क्या है तथा ओडिशा और क्योंझर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए तद्रूपी डेटा का ब्योरा क्या है;

(घ) आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा - एबीएचए) निर्माण के संबंध में वर्ष-वार वृद्धि का डेटा क्या है, जिसमें क्योंझर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में बनाई गई आभा आईडी की संख्या और एकीकृत स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं;

(ङ) मध्य प्रदेश के सीधी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में एबी-पीएमजेएवाई योजना का ब्योरा क्या है;

(च) राजस्थान के पाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) पंजीकरणों की कुल संख्या कितनी है; और

(छ) बापटला जिले सहित आंध्र प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान जिला-वार एबी पीएम-जेएवाई के अंतर्गत लाभार्थियों, सूचीबद्ध अस्पतालों, अस्पताल में दाखिलों और निपटाए गए दावों का ब्योरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत, अस्पताल को पैनलबद्ध करना एक सतत प्रक्रिया है और इसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के पैनलबद्ध करने के दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की आवश्यकताओं और मानदंडों को पूरा करने वाले स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की उपलब्धता के आधार पर कार्यान्वयन करने वाले राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किया जाता है।

30.06.2026 की स्थिति के अनुसार, देश भर में एबी-पीएमजेएवाई के तहत 17,265 निजी अस्पताल सहित कुल 37,413 अस्पताल पैनलबद्ध हैं। इनमें से 1,325 निजी अस्पताल आकांक्षी जिलों में पैनलबद्ध हैं।

इसके अलावा, एबी-पीएमजेएवाई के तहत निजी अस्पतालों की भागीदारी वर्ष-दर-वर्ष बढ़ रही है। जनवरी 2023 से मई 2026 तक, इस योजना के तहत कुल 8,503 निजी अस्पताल पैनलबद्ध किए गए हैं। इनमें से, इसी अवधि के दौरान 657 निजी अस्पताल आकांक्षी जिलों में पैनलबद्ध किए गए हैं।

एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र-वार डेटा संकलित नहीं किया जाता है, तथापि, पाली लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (राजस्थान), क्योंझर लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (ओडिशा), और चतरा लोकसभा

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (झारखंड) के अंतर्गत एबी-पीएमजेएवाई के तहत पैनलबद्ध अस्पतालों का विवरण: https://hem.nha.gov.in/search पर देखा जा सकता है।

लाभार्थी नामांकन में सुधार और जागरूकता बढ़ाने के लिए, एबी-पीएमजेएवाई ने एक व्यापक सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) और आउटरीच रणनीति अपनाई है। इस रणनीति में समाचार पत्र, सामुदायिक रेडियो, टेलीविजन और रेडियो अभियान, डिजिटल डिस्प्ले, नुक्कड़-नाटक, सामूहिक संदेश, सोशल मीडिया तथा लाभार्थियों के अनुभव-साक्षात्कारों के प्रसारण जैसे पारंपरिक और डिजिटल मीडिया प्लेटफार्मों वाले जागरूकता अभियानों को शामिल किया गया है।

इसके अलावा, राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों ने मान्यताप्राप्त सामाजिक स्वास्थ्यकर्मी, आंगनवाड़ीकर्मी और आंगनवाड़ी सहायिकाओं सहित फ्रंटलाइन कर्मियों के एक व्यापक तंत्र का उपयोग कर घर-घर जागरूकता अभियान चलाने, लाभार्थियों की पहचान करने और विशेष रूप से ग्रामीण एवं अल्पसेवित क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग किया है।

(ग): चूंकि एबी-पीएमजेएवाई 2018 से पहले लागू नहीं था, इसलिए महिला के अस्पताल में भर्ती होने के आंकड़ें की तुलनात्मक उपलब्ध नहीं है।

(घ): आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की एक प्रमुख आधारशिला है। यह एक अद्वितीय 14-अंकीय स्वास्थ्य पहचान संख्या है जो नागरिकों को स्वास्थ्य परिचर्या पारिस्थितिकी तंत्र में अपने डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक सुरक्षित रूप से पहुंच और उनका प्रबंधन करने की अनुमति देती है। 20.07.2026 की स्थिति के अनुसार, देश भर में कुल 94.75 करोड़ आभा बनाए जा चुके हैं।

एबीडीएम के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र-वार डेटा संकलित नहीं किया जाता है, तथापि दिनांक 20.07.2026 की स्थिति के अनुसार क्योंझर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत क्योंझर और मयूरभंज जिलों के लिए कुल 43,06,853 आभा और 1,167 स्वास्थ्य सुविधा केंद्र रजिस्ट्री (एचएफआर) बनाए गए हैं। वर्षवार आभा एवं एचएफआर निर्माण में वृद्धि का विवरण निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	आभा संख्या (कुल)		एचएफआर संख्या (कुल)	
	क्योंझर	मयूरभंज	क्योंझर	मयूरभंज
2024-25	17,10,864	22,51,658	383	497
2025-26	17,69,332	23,81,339	450	706
2026-27 (20.07.2026 की स्थिति के अनुसार)	18,70,879	24,35,974	455	712

(ङ): 30.06.2026 तक सिधी लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों का विवरण निम्नानुसार है:

जिला	बनाए गए आयुष्मान कार्डों की संख्या (लाख में)	पैनलबद्ध अस्पतालों की संख्या	अनुमोदित अस्पताल दाखिलों की संख्या
शहडोल	7.33	25	74,179
सीधी	7.86	23	1,04,918
सिंगरौली	7.72	22	84,106

(च): 20.07.2026 की स्थिति के अनुसार, राजस्थान के पाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पाली और जोधपुर जिलों में कुल 53 लाख आभा बनाए गए हैं। जिला-वार विवरण इस प्रकार हैं:

जिला	बनाए गए आभा की संख्या (लाख में)
जोधपुर	32.77
पाली	20.23

(छ): आंध्र प्रदेश राज्य में, बापटला जिले सहित, वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 के दौरान एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत लाभार्थियों, पैनलबद्ध अस्पतालों और अस्पताल में भर्ती का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक** में संलग्न हैं।

योजना के तहत, दावों का निपटान एक नियमित और निर्बाध प्रक्रिया है और दावों का निपटान संबंधित एसएचए द्वारा एनएचए द्वारा जारी दावा अधिनिर्णयन दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। और यह भी, दावों के समय पर निपटान के लिए अनुमत अधिकतम समय राज्य के भीतर स्थित अस्पतालों के लिए दावा प्रस्तुत करने के 15 दिनों के भीतर और पोर्टेबिलिटी दावों (राज्य के बाहर स्थित अस्पतालों) के लिए दावा प्रस्तुत करने के 30 दिनों के भीतर है।

अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश राज्य में पिछले तीन वर्षों के दौरान एबी-पीएमजेएवाई के तहत लाभार्थियों, पैनलबद्ध अस्पतालों और अस्पताल में भर्ती का जिला-वार विवरण

जिला	पात्र परिवारों की संख्या (लाख में)	पैनलबद्ध अस्पतालों की संख्या	प्राधिकृत अस्पताल दाखिलों की संख्या (लाख में)
अल्लूरी सीताराम राजू	1.03	3	3.49
अनकापल्ली	2.69	11	3.21
अनंतपुरम	1.87	4	6.08
अन्नामाय्या	1.41	3	2.83
बापटला	2.26	2	2.52
चित्तूर	1.63	6	5.19
डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनासेमा	3.56	13	2.02
पूर्वी गोदावरी	2.98	6	6.86
एलेरू	3.19	22	2.16
गुंटूर	3.01	17	6.30
काकिनाडा	3.49	9	2.05
कृष्णा	3.17	20	5.19
कुर्नूल	1.32	3	6.39
नंदयाल	1.57	14	1.16
एनटीआर	3.01	23	1.05
पालनाडु	3.14	12	1.13
पर्वतीपुरम मनयम्	1.10	4	0.68
प्रकाशम	2.93	5	3.24

श्री पोटी श्रीरामल्लु नेल्लोर	3.09	16	3.16
श्री सत्य साई	1.48	9	0.68
श्रीकाकुलम	2.16	12	3.54
तिरुपति	2.09	8	0.95
विशाखापत्तनम	2.44	16	4.37
विज़ियानगरम	2.32	12	3.43
पश्चिम गोदावरी	2.88	10	3.78
वाई.एस.आर.	1.86	13	3.25

******